https://www.punjabkesari.in/state/news/pti-state-story-1572756

BUSINESS NEWS HINDI (बिज़नेस)

सरकार एमएसएमई क्षेत्र से निर्यात को बढ़ावा देने को वैश्विक बाजार 'इंटेलिजेंस नेटवर्क' स्थापित करेगी

Edited By PTI News Agency, Updated: 29 Mar, 2022 04:27 PM

State

पंजाब केसरी

अपना शहर चुने

जालंधर में किरण बुक डिपू का मालिक गिरफ्तार, इन आरोपों को लेकर केस दर्ज

जालंधर-नई दिल्ली नेशनल हाइवे पर बड़ा हादसा, देखते ही देखते फ्लाईओवर पर...

सुखजिंदर रंधावा ने श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार को लिखा पत्र, की...

भयानक सड़क हादसा: तेज रफ्तार ट्रक ने युवकों को रौंदा, 1 की मौत, 2 घायल

पीड़ित परिवार ने लगाया धरना,

SUBSCRIBE NOW!

नयी दिल्ली, 29 मार्च (भाषा) केंद्रीय मंत्री नारायण राणे ने मंगलवार को कहा कि सरकार सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र से देश का निर्यात बढ़ाने के लिये वैश्विक बाजार आसूचना नेटवर्क (इंटेलिजेंस नेटवर्क) स्थापित कर रही है।

वैश्विक बाजार 'आसूचना नेटवर्क' विदेशी बाजारों पर निर्यात से संबंधित आंकड़ों के मामले में ज्ञान के भंडार के रूप में कार्य करेगा और एमएसएमई निर्यातकों के लिये आसान बाजार पहुंच की सुविधा प्रदान करेगा।

एमएसएमई मंत्रालय और एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया (ईडीआईआई) द्वारा आयोजित शिखर सम्मेलन में सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम मंत्री राणे ने कहा कि सरकार एमएसएमई क्षेत्र को मजबूत बनाने को लेकर गंभीर है।

उन्होंने कहा, ''हमारा ध्यान आसान ऋण, बेहतर प्रौद्योगिकी सहायता और निर्यात बाजारों तक पहुंच प्रदान करने पर है। हम चाहते हैं कि हमारा एमएसएमई क्षेत्र प्रतिस्पर्धी बने और विकसित हो।'' राणे ने कहा कि एमएसएमई मंत्रालय एक वैश्विक बाजार 'इंटेलिजेंस नेटवर्क' स्थापित कर रहा है जो एमएसएमई निर्यात में मदद करेगा।

एक अनुमान के अनुसार, देश का एमएसएमई क्षेत्र निर्यात में 45 प्रतिशत योगदान करता है। इस खंड से निर्यात बढ़ाने की काफी संभावना है।

सदन में पेश किया गया 21 हजार 116 करोड़ का लेखानुदान, जानिए क्या- क्या हुआ 2 दिन

सदन में पेश किया गया 21 हजार 116 करोड़ का...

PunjabKesari TV

जमीन विवाद में भाजपा युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष...

PunjabKesari TV

DAILY HOROSCOPE

SUBSCRIBE NOW!

हालांकि, व्यापार से संबंधित भरोसेमंद आंकड़ों की कमी प्रमुख बाधा है। इससे एमएसएमई क्षेत्र नये बाजार में अवसरों का उपयोग कर वास्तविक निर्यात क्षमता का उपयोग नहीं कर पा रहा।

मंत्री ने सभी संबंधित पक्षों से एमएसएमई क्षेत्र को देश की अर्थव्यवस्था के लिए एक गतिशील विकास इंजन बनाने को लेकर रूपरेखा तैयार करने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि एमएसएमई को प्रतिस्पर्धी बनाने के लिये अधिक शोध और नवोन्मेष तथा नये व्यावसायिक विचारों की जरूरत है।

मंत्री ने कहा कि ईडीआईआई जैसे संस्थान एमएसएमई को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में मदद कर सकते हैं।

राणे ने एमएसएमई को भारत की अर्थव्यवस्था का विकास इंजन बताया और देश की जीडीपी वृद्धि और रोजगार में इस क्षेत्र के योगदान का जिक्र किया।

उन्होंने कहा, ''यह (एमएसएमई क्षेत्र) ग्रामीण औद्योगिकीकरण के लिहाज से महत्वपूर्ण है...।''

यह आर्टिकल पंजाब केसरी टीम द्वारा संपादित नहीं है, इसे एजेंसी फीड से ऑटो-अपलोड किया गया है।

Aries (मेष)

मेष राशि वालों आज का दिन बढ़िया रहेगा। कार्यक्षेत्र में कोई बड़ी उपलब्धि हासिल हो सकती है।......Read more

SUBSCRIBE NOW!